# वर्तनी

## PART – 2

* वर्तनी में **6 प्रकार** की अशुद्धियाँ पायी जाती हैं –

(1). मात्राओं और स्वरों के आधार पर अशुद्धियाँ

**उदाहरण-**

(i) नलायक (अ) × → नालायक (आ)
(ii) क्षत्रीय (ई) × → क्षत्रिय (इ)
(iii) रजनि → रजनी
(iv) ठकुर → ठाकुर
(v) वीशाल → विशाल
(vi) नितीन → नितिन
(v) ईरफान → इरफान

गरमी ✓ / गर्मी ✗

(2). विसर्ग के आधार पर अशुद्धियाँ (:)

**उदाहरण-**

(i) प्रातकाल → प्रातःकाल
(ii) दुख → दुःख
(iii) मनोकामना → मनःकामना
(iv) अन्तःकरण ✓

(3). व्यंजन के आधार पर अशुद्धियाँ

**उदाहरण-**

(i) गुन → गुण
(ii) पुरान → पुराण
(iii) रामायन → रामायण

(4). समास के आधार पर अशुद्धियाँ

**उदाहरण-**

(i) राजातंत्र → राजतंत्र

(ii) राजापुत्री → राजपुत्री

(iii) राजापुत्र → राजपुत्र

(5). संधि के आधार पर अशुद्धियाँ (मेल)

**उदाहरण-**

(i) रमीश → रमेश [रमा + ईश] [आ + ई] → (ए)

(ii) राकीश → राकेश [राका + ईश]

(iii) यशुदा → यशोदा [आ + ई] → (ए)

(iv) कवीन्द्र → कवि + इन्द्र; इ + इ → (ई)

(6). हलन्त के आधार पर अशुद्धियाँ

**उदाहरण-**

(i) प्रथम् → प्रथम

(ii) पठित् → पठित

(iii) भाग्यवान् ✓

**विशेष**

~~निरपराधी~~ → निरपराध ✓ [निर् + अपराध]

**नियम नं॰:1**

जिस शब्द के पीछे (बाद में) करण प्रत्यय आता है, तो उसका मेल (ई) से होता है।

**ई + करण**

**उदाहरण-**

(i) शुद्धीकरण (ि,ई)
(ii) मानवीकरण (ि,ई)
(iii) समीकरण
(iv) वृद्धीकरण
(v) पंजीकरण
(vi) एकीकरण
(vii) सरलीकरण
(viii) वशीकरण
(ix) प्रत्यक्षीकरण
(x) व्यापारीकरण
(xi) अंगीकरण

(xii) वाष्पीकरण

**अपवाद –**

- अनुकरण
- टीकाकरण
- अधिकरण
- प्राधिकरण
- नामकरण

**प्रश्न :** → शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन करें –

(A) केन्द्रीयकरण [ ई + करण ]
(B) शुद्धिकरण
(C) मानवीयकरण
(D) औद्योगिकीकरण (✓)

**प्रश्न :** → शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(A) आधीन → अधीन
(B) अनधिकार (✓)
(C) आर्शीवाद → आशीर्वाद ✓
(D) रचियेता → रचयिता ✓